## संपादकीय

# गुरुता में गिरावट

### छात्राओं से अमानवीय व्यवहार के दंश

अबोहर के एक सरकारी माध्यमिक विद्यालय में कक्षा छह की छात्राओं के साथ किया गया अमानवीय और शर्मनाक कार्य अपराध की किस श्रेणी में आता है, यह सुनिश्चित करना काफी मुश्किल है। स्कूल के एक शौचालय में सेनेटरी पैड की वजह से अवरोध हो गया था। उसकी जांच के लिए अध्यापिकाओं द्वारा सभी बालिकाओं के आपत्तिजनक परीक्षण को क्या हम यौन उत्पीड़न जैसे घृणित अपराध की श्रेणी में नहीं रख सकते? समाज में ऐसी निंदनीय घटनाओं पर रोक लगाना अत्यंत आवश्यक है। इस समस्या की तह तक जाएं तो पाएंगे कि यह सामान्य प्राकृतिक और वैज्ञानिक प्रि या को लेकर नकारात्मक सामाजिक अवधारणा की अतिरेकपूर्ण अभिव्यक्ति है। यह बात समझ में नहीं आती कि आज तक समाज ने इसे घृणित वर्ग में क्यों रखा है जो कि सामाजिक संस्था के विकास के लिए प्रकृति द्वारा प्रदत्त एक सामान्य प्रि या है। इसके लिए सामाजिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है, जिससे लोगों को यह स्पष्ट किया जा सके कि इससे गुजरने वाले बालिका या महिला अछूत श्रेणी में नहीं आती और इसकी शुरुआत हर परिवार से होनी चाहिए। जब तक सोच नहीं बदलेगी, इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति होती रहेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छता अभियान का जो कार्य म शुरू किया है, उसके तहत हर विद्यालय में स्वच्छ सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए जाने चाहिए और यह सुनिश्चित करना होगा कि शौचालयों में उनके प्रयोग के लिए अलग से डस्टबिन उपलब्ध हो। हर स्कूल में विद्यार्थियों को इसके प्रयोग और उचित निस्तारण की समुचित शिक्षा दी जानी चाहिए, तभी इस तरह के कार्य मों को हम सफल बना पाएंगे। अबोहर की घटना इस तरह के विचारों को पुख्ता करती है कि हमारे समाज में जहां पर औरतों के सशक्त ीकरण की बात की जा रही है वहां एक प्राकृतिक प्रि या को इतने घृणित स्वरूप में लिया जाता है। ऐसे माहौल में हम महिलाओं के सशक्त ीकरण की बात कैसे कर सकते हैं। हमारे समाज में अभी सामाजिक जागरूकता और महिलाओं के स्वाभिमान की सुरक्षा के विषय में काफी कुछ करना बाकी है।

# आरबीआई निदेशक मंडल की बैठक 19 को, सरकार से खींचतान के बीच हंगामेदार रहने की संभावना



नई दिल्ली। सरकार और रिजर्व बैंक के बीच जारी खींचतान के बीच 19 नवंबर को केंद्रीय बैंक के निदेशक मंडल की होने जा रही बैठक के हंगामेदार होने का अनुमान है. सूत्रों के अनुसार कुछ सदस्य बैठक में पूंजी रूपरेखा ढांचे, अधिशेष का प्रबंधन तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) के लिये तरलता आदि से जुड़े मुद्दे उठा सकते हैं. वित्त मंत्रालय द्वारा रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा सात के तहत चर्चा शुरू करने के बाद रिजर्व बैंक और सरकार के बीच तनाव काफी बढ़ गया है. इस धारा का इस्तेमाल आज तक कभी नहीं किया गया है. इस धारा के तहत सरकार को इस बात का विशेषाधिकार मिलता है कि वह किसी मुद्दे पर रिजर्व बैंक के गवर्नर को निर्देश दे सके.

रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य ने पिछले महीने एक भाषण में केंद्रीय बैंक की स्वायत्तता के बारे में बातें की थी. उन्होंने कहा था कि रिजर्व बैंक की स्वायत्तता से किसी भी तरह का समझौता अर्थव्यवस्था के लिये विनाशकारी हो सकता है. सूत्रों के अनुसार, निदेशक मंडल की बैठक पूर्वनिर्धारित होती है तथा बैठक का एजेंडा भी काफी पहले तय कर लिया जाता है. हालांकि, निदेशक मंडल के सदस्य तय एजेंडे से इतर वाले मुद्दे भी उठा सकते हैं. सूत्रों ने कहा कि सरकार के नामित निदेशक तथा कुछ स्वतंत्र निदेशक रिजर्व बैंक के पूंजी ढांचे तथा अंतरिम लाभांश के मुद्दे उठा सकते हैं. हालांकि, रिजर्व बैंक की पूंजी रूपरेखा ढांचे में कोई भी बदलाव तभी संभव हो सकेगा जब रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 में संशोधन किया जाए. इसके अलावा अन्य संभावित मुद्दों में पूंजी पर्याप्तता नियमों को विकसित देशों के समतुल्य किया जाना तथा बैंकों की त्वरित सुधारात्मक कारवाई रूपरेखा (पीसीए) में कुछ ढील देना भी शामिल है. सूत्रों के अनुसार एमएसएमई और एनबीएफसी को कर्ज वितरण बढ़ाने के उपायों के बारे में चर्चा हो सकती है.

# भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर घटी

नई दिल्ली। इस वर्ष सितंबर में 30 में से 16 सेक्टर की निर्यात विकास दरनकारात्मक रही है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इनमें चावल, चाय, तंबाकू, कहवा (कॉफी), इंजीनियरिंग, चमड़ा, मसाले, काजू, फल और सब्जियां, समुद्री उत्पाद तथा रत्न व आभूषण जैसे प्रमुख सेक्टर शामिल हैं।अर्थव्यवस्था में इन क्षेत्रों के महत्व के चलते वाणिज्य मंत्रालय इन सभी 30 सेक्टर के निर्यात पर करीब से नजर रखता है। सितंबर में सकल निर्यात 2.15 फीसद घटकर 27.95 अरब डॉलर (2,000 अरब रुपये) से कुछ ज्यादा रहा।




फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) के प्रेसिडेंट गणेश गुप्ता ने कहा कि सितंबर में निर्यात की विकास दर नकारात्मक इसलिए रही है क्योंकि पिछले वर्ष समान अवधि में निर्यात का आधार बहुत बड़ा था।हालांकि उन्होंने कहा कि कंपनियों के पास बड़ी संख्या में ऑर्डर उपलब्ध हैं। इसका मतलब यह है कि आने वाले महीनों में प्रमुख क्षेत्रों की निर्यात विकास दर में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि ब्याज सब्सिडी तीन फीसद से बढ़ाकर पांच फीसद करने जैसे कदमों से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

गुप्ता ने यह भी कहा कि निर्यात गति बेहतर होने जैसे महत्वपूर्ण समय में विभिन्न सेक्टरों को कर्ज मिलने में दिक्कत हो रही है, जिससे निर्यात प्रभावित हो सकता है।सितंबर में इंजीनियरिंग सेग्मेंट की निर्यात विकास दर 4.12 फीसद घट गई। वहीं, टेक्सटाइल के रेडीमेड वस्त्र सेक्टर की निर्यात विकास दर को 33.58 फीसद गिरावट का सामना करना पड़ा। जेम्स व ज्वैलरी का निर्यात सितंबर में 21.5 फीसद, जबकि चमड़ा उत्पादों का निर्यात 13 फीसद लुढ़क गया।

## स्क्वॉश: सौरव घोषाल ने कोलकाता इंटरनेशनल का जीता किताब

भारत के सौरव घोषाल ने कोलकाता इंटरनेशनल स्क्वॉश टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है. उन्होंने रविवार को फाइनल में मिस्र के जाहेद सालेम को 3-2 से हराया. इसके साथ ही उन्होंने 30,000 डॉलर की इनामी राशि वाले पीएसए टूर्नामेंट कोलकाता इंटरनेशनल पर कब्जा कर लिया. यह उनका दूसरा पीएसए खिताब है. घोषाल ने तीन साल पहले यहां पूर्व विश्व नंबर-1 मारवान एल शोरबागी को हराकर इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया था. भारतीय खिलाड़ी सौरव घोषाल ने जाहेद सालेम को कड़े मुकाबले में 11-5, 8-11, 11-8, 11-13, 11-5 से मात दी.



# 2018 में देश पर हुए 4.36 लाख साइबर हमले

नई दिल्ली। देश को 2018 की पहली छमाही में सबसे ज्यादा साइबर हमले रूस, अमेरिका, चीन और नीदरलैंड जैसे देशों की ओर से झेलने पड़े हैं। साइबर सुरक्षा कंपनी एफ-सिक्योर के मुताबिक जनवरी-जून 2018 में इस तरह की 4.36 लाख से ज्यादा घटनाएं हुई। वहीं इस अवधि में भारत की ओर किए गए साइबर हमले झेलने वाले शीर्ष पांच देश ऑस्ट्रिया, नीदरलैंड, ब्रिटेन, जापान और यूक्रेन है इन देशों पर भारत से कुल 35,563 साइबर हमले किए गए। रूस से भारत में 2,55,589 हमले, अमेरिका से 1,03,458 हमले, चीन से 42,544 हमले, नीदरलैंड से 19,169 हमले और जर्मनी से 15,330 हमले यानी कुल 4,36,090 साइबर हमले हुए। वहीं भारत से ऑस्ट्रिया में 12,540 हमले, नीदरलैंड में 9,267 हमले, ब्रिटेन में 6,347 हमले, जापान में 4,701 हमले और यूक्रेन में 3,708 हमले किए गए।



# महंगाई पर लगाम लगाने मोदी सरकार की नई स्कीम, सब्जियों के दाम होंगे स्थिर



नई दिल्ली। आम जनता को महंगाई थोड़ी राहत देने के लिए मोदी सरकार ने एक बड़ी स्कीम की शुरुआत की है जिसके तहत आलू, प्याज व टमाटर के दाम साल भर एक समान रहेंगे वहीं इसके माध्यम से लोगों को कमाई के मौके भी दिए जाएंगे। मिनिस्ट्री ऑफ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज ने प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना के तहत शुरू की स्कीम का नाम ऑपरेशन ग्रीन होगा।आम बजट 2018-19 में स्कीम की घोषणा की गई थी, इसके लिए 500 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया था। मकसद था, (टमाटर, प्याज और आलू) की कीमतों पर नियंत्रण के लिए लिंकेज और इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना।

# सफाई कर्मचारी को कूड़े में मिला मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड, फटी रह गई लोगों की आंखें




तिरुवनंतपुरम। अगर आप क्रिकेट या कोई भी खेल देखते हैं तो पता होगा कि अच्छा खेलने वाले खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा जाता है. उसे बड़ा सा चेक दिया जाता है. जिसके साथ वो फोटो क्लिक कराता है. हमें ये भी पता है कि खिलाड़ी वो बड़ा चेक लेकर बैंक पैसे निकालने नहीं जाता. वो एक चेक का रेप्लिका होता है. तो आखिर वो बड़ा चेक जाता कहां है? शायद कचरे के डब्बे में केरल के तिरुवनंतपुरम के एनजीओ ने जो फोटो पोस्ट की है. उसको देखकर तो यही लगता है. भारत और वेस्टइंडीज के बीच चौथा वनडे केरल के तिरुवनंतपुरम में खेला गया था. जिसमें शानदार परफॉर्मेंस के लिए रविंद्र जडेजा को मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया था. खबर के मुताबिक, जिस शख्स ने चेक को हाथ में थामा हुआ है वो तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन के सैनिटरी वर्कर जयन हैं. मैच के बाद जब वो सफाई करने स्टेडियम पहुंचे तो उनको कूड़े में ये अवॉर्ड मिला. ये प्लासटिक का चेक खिलाड़ी को दिया जाता है और ब्रांडिंग के लिए इसके साथ फोटो भी क्लिक कराई जाती है. जिसके बाद इसकी ऐसी हालत होती है. भारत और वेस्टइंडीज के बीच 3 टेस्ट और 5 वनडे मैच की सीरीज खेली गई थी. जिसे भारत ने आसानी से जीत लिया था.

टी-20 में भी भारत ने वेस्टइंडीज से सीरीज जीत ली है. लेकिन इस तस्वीर ने लोगों को हैरान कर दिया है. इस एनजीओ ने बीसीसीआई से रिक्वेस्ट की है कि वो प्लास्टिक के चेक की जगह पर्यावरण के अनुकूल अवॉर्ड दें.

## आज का राशिफल

मेषः आप थकान, आलस्य और व्यग्रता का अनुभव करेंगे। बात-बात में आपको क्रोध आएगा। आपके लिए सलाह है कि क्रोध और वाणी पर संयम रखें नहीं तो घर-परिवार और कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है।

वृषभः शारीरिक तथा मानसिकरूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। हो सके तो किसी नए कार्य का आरंभ आज ना करें। खान-पान में विशेष ध्यान रखिएगा। स्वास्थ्य बिगड़ने की पूरी आशंका है।

मिथुनः आज के दिन आप मनोरंजन तथा आमोद-प्रमोद में व्यस्त रहेंगे। मित्रों तथा परिजनों के साथ आनंदित वातावरण में दिन बिता पाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान और प्रसिद्धि भी प्राप्त कर सकेंगे।

कर्कः गणेशजी के आशीर्वाद से आज का दिन आपके लिए आनंददायक होगा। परिजनों के साथ समय सुखपूर्वक बीतेगा। आवश्यक कार्य में खर्च होगा। आर्थिक लाभ के लिए अच्छा दिन है।

सिंहः आज शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। संतानो की और से शुभ समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात आनंददायी होगी। धार्मिक और परोपकार के कार्य आप करेंगे।

कन्याः आज कई बातों को लेकर आप चिंतित रहेंगे। शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। परिवार के सदस्यो के साथ अनबन रहेगी।

तुलाः आज का दिन शुभ है, भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। भाई-बहनों के साथ सम्बंध अच्छे रहेंगे। किसी धार्मिक प्रवास का आयोजन हो सकता है। नए कार्य के प्रारंभ के लिए शुभ दिन है। विदेश से शुभ समाचार मिलेंगे। सम्मान प्राप्त होगा।

वृश्चिकः अनावश्यक खर्च पर अंकुश रखिएगा। वाणी पर संयम रखने से परिवार में सुख-शांति बना पाएंगे। विचारों पर नकारात्मकता छाई रहेगी, जिसे दूर कीजिएगा। धार्मिक कार्यों पर खर्च हो सकता है।

धनुः आज के दिन निर्धारित किए हुए कार्य पूर्ण होंगे। लक्ष्मीजीकी कृपा रहेगी। किसी यात्रा स्थल पर प्रवास होने की संभावना है। स्वजनों के मिलने से मन आनंदित रहेगा। शुभ प्रसंग में उपस्थित रहेंगे।

मकरः धार्मिक, सामाजिक कार्यों में धन का खर्च होगा। स्वजनों और मित्रों के साथ अनबन होगी। धनहानि और मानहानि का योग है। आज आपका आध्यात्मिकता की ओर रुझान अधिक रहेगा। वाणी पर संयम रखिएगा।

कुंभः लाभों से आपका आनंद दुगुना हो जाएगा। नए कार्य के आयोजन के लिए कार्य का प्रारंभ शुभ सिद्ध होगा। व्यापारियों को व्यापार में विशेष लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में कीर्ति मिलेगी।

मीनः आज का दिन शुभ फलदायी है। नौकरी या व्यापार में आपको सफलता मिलेगी तथा अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। इस बात से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

# भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर, जहां पर गोबर के विराजमान हैं गणपति

हमारे देश में ऐसा हर स्थान को लेकर कहां जाता है कि यहां पर किसी ना किसी भगवान की विशेष कृपा है। ऐसा कोई भी स्थान नहीं है जहां पर यह मान्यता ना हो कि हमारे शहर में किसी भी भगवान की कोई महानता या उनकी कृपा ना हो। जैसे कि महाराष्ट्र में गणपति की कृपा बखान है वैसे ही वाराणसी में भगवान शिव की विशेष आस्था है वहां के लोगों की। जहां पर जिस भगवान की कृपा होती है वहां पर उस भगवान के काफी मंदिर होते हैं।

आज हम आपको एक ऐसे मंदिर के बारे में बताने जा रहे है जहां पर गोबर के गणपति विराजते हैं। इस मंदिर का नाम भी गोबर गणेश है। यह मंदिर मध्य प्रदेश के नीमाड़ क्षेत्र में माहेश्वर कस्बे में है जहां पर बप्पा की विशेष कृपा है,वहां पर गणेश जी की गोबर की प्रतिमा है। गोबर रूप गणेश जी ही पूजे जाते हैं।



आमतौर पर पूजा-पाठ में हम गोबर के गणपति बनाकर उनकी पूजा अर्चना करते हैं। मिट्टी और गोबर की मूर्ति में पंचतत्वों का वास माना जाता है और खासकर गोबर में तो मां लक्ष्मी साक्षात वास करती हैं। इसलिए गोबर गणेश मंदिर में आने वाले भक्तों की मान्यता है कि यहां दर्शन करने से भक्तों को भगवान गणेश के साथ मां लक्ष्मी का भी आशीर्वाद मिलता है।

बाप्पा की प्रतिमा के साथ ही मंदिर का आकार भी भक्तों को हैरान करता है एक तरफ जहां मंदिर का बाहरी आकार किसी मस्जिद के गुंबद की तरह है वहीं मंदिर के अंदर की बनावट लक्ष्मी यंत्र की तरह लगती है। कहते हैं औरंगजेब के शासन काल में इस मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनाने का प्रयास किया गया था जिसके कारण मंदिर के गुंबद का आकार मंदिर की तरह न होकर मस्जिद जैसा है।

मंदिर में बाप्पा अपनी दोनों पत्नियों रिद्धि-सिद्धि संग देते हैं दर्शन और करते हैं भक्तों का कल्याण। भक्तों का भी मानना है कि यहां आने से गणपति सभी भक्तों की इच्छा पूरी कर देते हैं। यही वजह है कि भक्त यहां उल्टा स्वास्तिक बनाकर भगवान तक पहुंचाते हैं अपनी फरियाद और मनोकामना पूरी होने के बाद यहां आकर सीधा स्वास्तिक बनाना नहीं भूलते।

## सौरव गांगुली ने साहा की तारीफ कर उन्हें पिछले दस साल का बेस्ट विकेटकीपर बताया

कोलकाता। कंधे की चोट के कारण ऋद्धिमान साहा फिलहाल क्रिकेट से दूर है लेकिन पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि वह पिछले पांच से 10 साल में भारत के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर हैं. दिसंबर 2014 में महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास के बाद टेस्ट क्रिकेट में भारत की पहली पसंद 34 साल के साहा कंधे की सर्जरी के बाद हैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं.



## चाइनीज भेल बनाने की विधि

चाइनीज भेल खाने में जिनती स्वादिष्ट होती है इसे बनाना उतना ही आसान है, जैसे आप घर में भेलपूरी बनाती हैं वैसे ही इसे भी बना सकती हैं। चाइनीज भेल बच्चों को भी बहुत पसंद आती है, आइए आपको बताते हैं चाइनीज भेल बनाने की विधि.....



सामग्री :-

- नूडल्स एक पैकेट
- प्याज दो (बारीक कटी हुई )
- लहसून पेस्ट
- हरी प्याज
- शिमला मिर्च (एक बारीक कटी हुई)
- पत्ता गोभी
- टोमेटो सॉस 2 चम्मच
- शैज्वान सॉस 2 चम्मच
- तेल
- नमक स्वादअनुसार

विधि :-

चाइनीज भेल बनाने के लिए सबसे पहले गरम पानी में नमक और तेल मिलाकर इसमें नूडल्स डालकर अच्छे से उबाल लें। इसके बाद छलनी से छानकर इनका पानी निकाल लें, अब एक कड़ाही में तेल गरम करें और नूडल्स को गरम तेल में डालकर अच्छे से तल लें।अब कडाही से अतिरिक्त तेल निकालकर इसमें एक चम्मच तेल रहने दें और इसमें लहसुन पेस्ट और प्याज डालकर इसे अच्छे से सेकें। इसके बाद इसमें सारी सब्जियां मिलाएं और अच्छे से पकने दें।अब इसमें नमक, टोमेटो सॉस और शैज्वान सॉस मिलाकर पकाएं और इसे किसी बर्तन में निकाल लें।

इसके बाद इसमें फाइड नूडल्स मिलाएं और ऊपर से चाहें तो हरी प्याज के पत्ते भी मिला सकती हैं। आपकी चाइनीज भेल बनकर तैयार है इसे गरमा गरम सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 85

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 84 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

## सू-दोकू- 85

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.84का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |